धनबाद, 26 जुलाई 2026।

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, वित्तीय जागरूकता, व्यावसायिक कौशल तथा रोजगारपरक क्षमता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डॉ. सत्यनारायण पांडे (डायरेक्टर) AYUSAT Private Limited, औरडॉ.रंजना दास (प्राचार्या) गुरु नानक कॉलेज धनबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding - MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।यह समझौता "Financial Literacy, Professional Skills, and Employability of Students" विषय पर 26 जुलाई 2026 को संपन्न हुआ । इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप वित्तीय साक्षरता, व्यावसायिक दक्षता, व्यक्तित्व विकास तथा रोजगारोन्मुखी कौशल से सुसज्जित करना है।गुरु नानक कॉलेज, धनबाद का यह प्रयास नई शिक्षा नीति (NEP-2020) के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह समझौता विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगा।कॉलेज प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि AYUSAT Private Limited के सहयोग से संचालित होने वाले कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य को अधिक सशक्त एवं प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा उन्हें बदलते वैश्विक रोजगार परिदृश्य के अनुरूप सक्षम बनाएंगे।

# Picture Gallery







Pankaj | 2026.07.28 13:28